# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सूरजपुर
## जिला–सूरजपुर छ0ग0

E-Mail ID : cmhosurajpur@gmail.com Phone : 07775-266145

क्र0 /6643/रे.क्रा.सो.–एम.एम.यू./2026 सूरजपुर, दिनांक – 15/09/2026

## ::वॉक–इन–इंटरव्यू(Walk-in-Interview) विज्ञापन

**भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी (जिला शाखा–सूरजपुर) के माध्यम से मोबाईल मेडिकल यूनिट(MMU) हेतु संविदा नियुक्ति**

भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, छत्तीसगढ़ राज्य शाखा, रायपुर एवं आरईसी लिमिटेड के मध्य निष्पादित अनुबंध के तहत जिला सूरजपुर को आवंटित 01 मोबाइल मेडिकल यूनिट (MMU) के सुचारू संचालन हेतु निम्नलिखित पदों पर पूर्णतः अस्थायी /संविदा आधार पर आगामी 01 वर्ष के लिए निम्नलिखित पदों पर **Walk in Interview** के माध्यम से संविदा भर्ती की जानी है। निम्नलिखित पद पर इच्छुक एवं पात्र अभ्यार्थी अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता एवं मूल दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि , समय एवं स्थान में उपस्थिति होकर निर्धारित आवेदन प्रारूप में आवेदन कर सकते है:–

- **पदों की जानकारी:–**

| क्र | पदनाम | रिक्त पद | आरक्षण रोस्टर | | | | | | | | | | | | | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनु0जनजाति | | | | अनु0जाति | | | | अन्य.पि.वर्ग | | | | अनारक्षित | | | | |
| | | | मुक्त | महिला | दिव्यांग | भूपूसै | मुक्त | महिला | दिव्यांग | भूपूसै | मुक्त | महिला | दिव्यांग | भूपूसै | मुक्त | महिला | दिव्यांग | भूपूसै | |
| 1 | चिकित्सा अधिकारी | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| 2 | स्टॉफ नर्स | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| 3 | फार्मासिस्ट सह प्रशासनिक कर्मचारी | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| | ड्राईवर सह सपोर्ट स्टॉफ | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| | योगः– | **04** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **4** | **0** | **0** | **0** | **4** |

- **वेतनमान एवं शैक्षणिक योग्यता की जानकारी**

| क्र | पदनाम | रिक्त पद | एकमुश्त प्रतिमाह वेतन | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चिकित्सा अधिकारी | 1 | 80,000(एक मुश्त) | भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से MBBS डिग्री।' छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य। |
| 2 | स्टॉफ नर्स | 1 | 25,000(एक मुश्त) | बी.एस.सी(नर्सिंग) या पी.बी.बी.एस.सी. नर्सिंग या जनरल नर्सिंग एवं वरिष्ठ प्रसूति विज्ञान (सिनियर मिडवाईफरी) प्रशिक्षण उत्तीर्ण, छ0ग0 नर्सिंग कौंसिल से परिचायिका (Nurse) के रूप में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य। |
| 3 | फार्मासिस्ट सह प्रशासनिक कर्मचारी | 1 | 18,000(एक मुश्त) | फार्मेसी कौंसिल से पंजीकृत औषधि निर्माण(फार्मेसी) में डिप्लोमा या डिग्री तथा छत्तीसगढ़ फार्मेसी कौंसिल से जीवित पंजीयन होना अनिवार्य। |
| 4 | ड्राईवर सह सपोर्ट स्टॉफ | 1 | 18,000(एक मुश्त) | न्यूनतम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण होने के साथ भारी वाहन चालन का वैध अनुज्ञा (ड्राइविंग लाइसेंस) पत्र होना अनिवार्य। तथा न्यूनतम 01 वर्ष 'का अनुभव। |
| | **कुल पदों की संख्या** | 4 | | |

Scanned with OKEN Scanner

* वाक्–इन– इंटरव्यू विवरणः–

| क्र | पद का नाम | इंटरव्यू/टेस्ट तिथि | पंजीयन एवं दस्तावेज सत्यापन | पात्र–अपात्र सूची व दावा–आपत्ति | दावा–आपत्ति निराकरण पश्चात् मेरिट सूची | साक्षात्कार/कौशल परीक्षा (Skill Test) एवं आगामी कार्यवाही |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चिकित्सा अधिकारी | 29.09.2026 | प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक | दोपहर 2:30 बजे से 3:00 बजे तक | दोपहर 3:30 बजे | शाम 4:00 से वॉक–इन–इंटरव्यू |
| 2 | फार्मासिस्ट सह प्रशासनिक कर्मचारी | | | | | |
| 3 | ड्राईवर सह सपोर्ट स्टॉफ | 30.09.2026 | प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक | दोपहर 2:30 बजे से 3:00 बजे तक | दोपहर 3:30 बजे | शाम 4:00 से वॉक–इन–इंटरव्यू |
| 4 | स्टॉफ नर्स | | | | | |
| स्थानः–कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सूरजपुर छ0ग0 | | | | | | |
| विशेष टीपः–अंतिम चयन सूची का प्रकाशन चयन समिति के अंतिम अनुमोदन उपरांत कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सूरजपुर एवं जिले के आधिकारिक वेबसाइट **www.surajpur.nic.in** पर पृथक से किया जावेगा। | | | | | | |

**नियम एवं शर्तेः–**

**आवेदन संबंधी दिशा–निर्देशः–**

1. विज्ञापन का आवेदन प्रारूप एवं विज्ञापन से संबंधित विस्तृत दिशा–निर्देश **www.surajpur.nic.in** एवं **कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सूरजपुर छ0ग0** के सूचना पटल पर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है। आवेदन निर्धारित प्रपत्र में ही मान्य होगा।
2. आवेदक वॉक–इन–इंटरव्यू हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सूरजपुर छ0ग0 में उपस्थित होकर सीधे पंजीयन करा सकेगें।
3. निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों का पंजीयन नहीं किया जावेगा तथा इसके लिए विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
4. आवेदक को आवेदन करते समय आवेदन के ऊपर आवेदित पद का **नाम, पता,** संवर्ग (अनारक्षित, अ.जा., अ.ज.जा. अ.पि.वर्ग) स्पष्ट रूप से उल्लेख करना अनिवार्य होगा। **अपूर्ण/अस्पष्ट** एवं त्रुटिवर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। जिसकी जिम्मेदारी आवेदक **की होगी।**
5. आवेदक द्वारा विज्ञापित पदों में से एक से **अधिक पद हेतु पृथक**–पृथक आवेदन निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करें।
6. आवेदन एवं **साक्षात्कार के समय मूल दस्तावेजों** एवं स्व. प्रमाणित प्रति के साथ अभ्यार्थियों को उपस्थित होना **अनिवार्य होगा।**
7. अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन अमान्य कर निरस्त कर दिया जावेगा, जिसकी जानकारी संबंधितों को पृथक से नहीं दी जावेगी। केवल लिपिकीय त्रुटि को मान्य किया जावेगा।
8. अभ्यार्थी को छत्तीसगढ़ का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। अभ्यार्थी को समक्ष अधिकारी द्वारा जिले का स्थायी निवासी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
9. उपरोक्त विज्ञप्ति में दर्शित पदों की संख्या में आवश्यकतानुसार परिवर्तन हो सकता है। इस संबंध में अभ्यर्थियों का कोई भी दावा मान्य **नहीं होगा।** आवश्यकतानुसार चयन प्रक्रिया में संशोधन/निरस्तीकरण किया **जा सकेगा।**
10. यह पद **पूर्णतः अस्थायी होगा,** जो कि वैकल्पिक व्यवस्था के तहत् भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से मोबाईल मेडिकल यूनिट (MMU) के संचालन हेतु की जा रही है।

Scanned with OKEN Scanner

11. उपरोक्त अस्थायी भर्ती पदस्थापना नियुक्ति तिथि से 01 वर्ष हेतु एवं आवश्यकता के आधार पर एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, राज्य शाखा छ0ग0 के अनुमोदन पश्चात् ही सेवा वृद्धि पर विचार किया जावेगा। यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई है, जो कभी भी समाप्त कर दिया जावेगा। कार्य असंतोषप्रद पाये जाने की स्थिति में तत्काल पदमुक्त किया जावेगा। समय–समय पर जिला कलेक्टर के आदेशानुसार चिकित्सा व्यवस्था संचालन हेतु अन्य कार्य भी लिये जा सकते है।

12. चयनित अभ्यार्थी को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात् किसी भी समय नोटिस देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है, इसी प्रकार उक्त अभ्यार्थी को त्याग पत्र देने के पूर्व एक माह पूर्व सूचना देना होगा, अन्यथा 01 माह के मानदेय के समतुल्य राशि जमा करना अनिवार्य होगा।

13. चयनित कर्मचारियों को केवल एकमुश्त मासिक मानदेय की पात्रता होगी। इनके अतिरिक्त अन्य कोई भी मानदेय या भत्ता की पात्रता नहीं होगी।

14. संविदा सेवा अवधि के दौरान छत्तीगसढ़ संविदा नियुक्ति नियम के तहत् निर्धारित आकस्मिक अवकाश की ही पात्रता होगी।

15. यह नियुक्ति पूर्णतः परियोजना आधारित और अस्थायी है। संविदा पर कार्यरत कर्मचारी भविष्य में नियमितीकरण या शासकीय सेवा में संविलियन का कोई दावा नहीं कर सकेंगें।

16. चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार का दवाब डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।

17. आयु सीमा दिनांक 01.01.2026 की स्थिति में:– समस्त पदों हेतु न्यूनमत आयु: 18 वर्ष होना चाहिए। चिकित्सक/डॉक्टर (MBBS) हेतु अधिकतम 70 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए। डाइवर यह सपोर्ट स्टॉफ पद हेतु अधिकतम आयु 35 वर्ष होनी चाहिए (छ.ग. के स्थानीय निवासियों को GAD निर्देश दिनांक 18.01.2024 के अनुसार 05 वर्ष की छुट सहित अधिकतम 40 वर्ष होगी) स्टॉफ नर्स एवं फार्मासिस्ट सह प्रशासनिक कर्मचारी हेतु अधिकतम आयु 64 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। (आयु सीमा में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी समय–समय पर जारी छूट संबंधी आदेश/निर्देश संविदा नियुक्ति के लिय लागू होगें।)

18. भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकारी चयन समिति को होगा जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।

19. आवश्यक दस्तावेज– आवेदन करते समय निम्न अभिलेखों को स्वप्रमाणित अनिर्वायतः संलग्न किया जावें:–

- 8वीं अंकसूची।(यदि लागू हो तो)
- 10वीं अंकसूची।
- 12वीं अंकसूची।
- निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के सभी वर्गो की अंकसूची/संबंधित डिग्री/इंटर्नशीट प्रमाण पत्र।
- छ.ग. मेडिकल/नर्सिंग/फार्मेसी पैरामेडिकल कॉउन्सिंल का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र (जिन पदों हेतु लागू) है, संलग्न करना अनिवार्य है।
- भारी वाहन चालन का वैध अनुज्ञा (ड्राइविंग लाइसेंस) (यदि लागु हो तो।)
- जाति प्रमाण पत्र।
- अनुभव प्रमाण–पत्र।
- छ.ग. राज्य का मूल/स्थानीय निवास प्रमाण पत्र।
- उपरोक्त समस्त दस्तावेज परीक्षण के दौरान अथवा नियुक्ति उपरांत किसी भी प्रकार से दस्तावेज के असत्य पाये जाने पर अभ्यर्थी की नियुक्ति अमान्य की जा सकेगी।

20. अनुभव हेतु समकक्ष पदों पर शासकीय/अर्द्धशासकीय ( अर्द्धशासकीय से तात्पर्य ऐसी संस्था जिनको शासन से अनुदान प्राप्त हो) सेवा में कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र अभ्यार्थियों का एक वर्ष पूर्ण होने पर 03 अंक अधिकतम 15 अंक दिया जावेगा। उक्त के संबंध में नियोक्ता द्वारा जारी अनुभव एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र के साथ नियुक्ति आदेश एवं वेतन पत्रक प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। पद से संबंधित अनुभव होने पर ही अभ्यर्थी को अनुभव का अंक प्रदान किया जावेगा।

Scanned with OKEN Scanner

21. छत्तीसगढ़ शासन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग नवा रायपुर, नवा रायपुर, अटल नगर के आदेश क्रमांक एफ 1–67/2021/सत्रह/एक, नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 07.12.2021 एवं संसोधित आदेश क्रमांक/एफ 1–67/2021/सत्रह/एक नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 03.02.2023 में उल्लेखित प्रावधानानुसार कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्त एवं 06 माह तक लगातार सेवा देने वाले अस्थायी स्वास्थ्य कर्मियों को विभाग के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी वर्ग के पदों पर चयन हेतु 10 बोनस अंकों का लाभ दिया जावेगा। अनुभव के अंक एवं कोरोना महामारी के 10 बोनस अंक, दोनों को मिलाकर अधिकतम 15 अंक की ही पात्रता होगा।
22. कोविड–19 अनुभव हेतु समक्ष अधिकारी द्वारा जारी निर्धारित प्रपत्र में 10 बोनस अंक की पात्रता है, के प्रमाणीकरण लेख वाला प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।
23. ऐसे अभ्यार्थी जिनका अंकसूची ग्रेडिंग पद्धति का है उनको ग्रेडिंग गणना पद्धति द्वारा पूर्णांक, प्राप्त प्राप्तांक एवं प्रतिशत का उल्लेख करना अनिवार्य है तथा इस संबंध में संबंधित शैक्षणिक संस्था/विद्यालय से संस्था प्रमुख द्वारा जारी गणना पत्रक/चार्ट की सत्यापित प्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

**24. चयन प्रक्रिया–**

- वरियता सूची का निर्धारण शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांकों का 65%, अनुभव का अधिकतम 15 अंक एवं साक्षात्कार 20 अंक के आधार पर मेरिट सूची वर्गवार तैयार की जावेगी।
- उपरोक्त पदों पर साक्षात्कार हेतु प्रथम मेरिट सूची अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांकों का 65% एवं अनुभव 15 अंक के आधार पर जारी किया जावेगा। अंतिम मेरिट सूची अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता का 65%, अनुभव अधिकतम 15 अंक एवं साक्षात्कार 20 अंक के आधार पर मेरिट सूची जारी किया जावेगा।
- वाहन चालक पद हेतु साक्षात्कार के स्थान पर 20 अंकों की व्यावहारिक कौशल परीक्षा (Skill Test) आयोजित की जावेगी।
- प्राप्त आवेदनों की स्कुटनी उपरांत दावा–आपत्ति हेतु पात्र/अपात्र अभ्यार्थियों की सूची, सूचना कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सूरजपुर छ0ग0 के सूचना पटल में चस्पा किया जावेगा। इसके अवलोकन की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। अभ्यार्थियों को अन्य किसी भी माध्यम से पृथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी।
- वाक्–इन–इंटरव्यू लिये जाने के संबंध में निर्धारित समय–सीमा में प्राप्त आवेदन पत्रों की जॉच/स्कूटनी कर पात्र अभ्यार्थियों की वरीयता क्रम सूची बनाई जायेगी एवं निम्नानुसार विज्ञापित पदों की संख्या के आधार पर अभ्यर्थियों का मेरिट सूची तैयार किया जावेगा।

| क्र | कुल विज्ञाप्ति पदों की संख्या | स्क्रीनिंग/साक्षात्कार लिये जाने हेतु अभ्यार्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 1 से 10 होने पर | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना |
| 2 | 11 से 50 होने पर | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 05 गुना |
| 3 | 50 से अधिक होने पर | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 03 गुना |

25. विज्ञापित पदों पर योग्यतानुसार आवेदन उपलब्ध नहीं होने की दशा में चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
26. प्रतीक्षा सूची जारी करने के दिनांक से 01 वर्ष के लिए वैध होगी। भविष्य में उक्त पदों के अलावा अतिरिक्त पदों की आवश्यकता होने पर प्रतीक्षा सूची से अभ्यर्थियों का चयन किया जा सकेगा।
27. चयनित अभ्यर्थियों को उपस्थिति के समय जिला चिकित्सा बोर्ड से शारीरिक योग्यता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। साथ ही 50 रू. के स्टाम्प पेपर पर अनुबंध करना अनिवार्य है।
28. चयन उपरांत यदि कोई जानकारी असत्य/कूटरचित पाई जाती है, तो संविदा नियुक्ति समाप्त कर दी जायेगी तथा संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।
29. चयन प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न किसी भी प्रकार की विवाद पर अन्तिम निर्णय लिये जाने का अधिकार विभाग/चयन समिति के पास सुरक्षित रहेगा।
30. कलेक्टर सूरजपुर का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला सूरजपुर (छ0ग0)

Scanned with OKEN Scanner

# आवेदन का प्रारूप

प्रति

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला सूरजपुर छ0ग0

स्व. प्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा करें

**आवेदिक पद का नाम** ..........................................................................................

1. आवेदक का नाम
   (अंग्रजी के कैपिटल अक्षर में)
2. पिता/पति का नाम
3. माता का नाम
4. (अ) जन्म तिथि (अंको में) ..........................................................
   (शब्दों में) ..........................................................
   (ब) आयु 1 जनवरी 2026 की स्थिति में वर्ष.....................माह..................... दिन.............................................
5. जति (सामान्य/अनु.जा./अनु.ज.जा./अ.पि.वर्ग) ..........................................................
   (स्वप्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करें)
6. स्थायी निवास का पता ..........................................................
   ..........................................................
7. वर्तमान पत्र व्यवहार का पता ..........................................................
   ..........................................................
   ..........................................................
   ..........................................................
8. मोबाईल न. ..........................................................
9. ई–मेल आईडी ..........................................................
10. रोजगार कार्यालय का नाम एवं ..........................................................
    जीवित पंजी. क्र0/दिनांक ..........................................................
11. शैक्षणिक योग्यता–

| क्र. | परीक्षा का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण परीक्षा का वर्ष | उत्तीर्ण परीक्षा का पूर्णांक | उत्तीर्ण परीक्षा का प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

12. तकनीकी/कम्प्यूटर योग्यता(प्रमाण पत्र संलग्न करें)
13. अनुभव–

| क्र. | पदनाम | संस्था का नाम | कार्य अवधि | | अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | कब से | कब तक | |
| | | | | | |

14. अनापत्ति प्रमाण पत्र ..........................................................
15. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची(स्व सत्यापित संलग्न)1..........................................2..................................3....................
    4..........................................5..........................6..........................................7..........................8..........................

आवेदक का हस्ताक्षर

## घोषणा–पत्र

मैं .................................... एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मैनें भर्ती से संबंधित नियमों शर्तों को भली--भॉति **पढ़ लिया है** तथा इस आवेदन पत्र में मेरे द्वारा दी गई जानकारी पूर्णतः सत्य एवं पूर्ण है। जो किसी स्थिति में असत्य पाये जाने पर नियोक्ता द्वारा निरस्त की जा सकती है तथा भर्ती संबंधी मेरे सभी दावें समाप्त किये जा सकते है।

स्थान. ..........................................

दिनांक ..........................................

आवेदक का हस्ताक्षर

Scanned with OKEN Scanner